पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार 31 जनवरी, 2020

पेज 8

हमारा दून

भूमिका को पोषण सामाग्री प्रदान करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को ''एकता दिवस'' के रूप में मनाया गया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा महात्मा गांधी की पुण्य तिथि को ''एकता दिवस'' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा विनम्र भाव से राष्ट्रपिता का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, 21 राजपुर रोड़ में आयोजित ''एकता सम्मेलन'' कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसजनों को शॉल ओडाकर सम्मानित किया गया।

### शिवसेना ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**संवाददाता** देहरादून। कश्मीर के गुलमर्ग में तैनात प्रेमनगर स्थित सैनिक कॉलोनी अंबीवाला निवासी हवलदार राजेंद्र सिंह के बर्फीले इलाके में फिसलकर पाकिस्तानी सीमा में पहुंचने के बाद से लापता हो रखे हैं। उन्हे बरामद करने मे केंद्र सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये, केंद्र सरकार की हिला हवाली से शिव सेना मे आक्रोश पनप रहा हैं। शिव सेना ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुये देहरादून के लैंसडाउन चौक मे मोदी सरकार का पुतला दहन किया।

### एथलेटिक्स एण्ड फिटनैस क्लब के प्रतिनिधिमण्डल ने एसीएस राधा रतूड़ी से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय परिसर में सचिवालय एथलेटिक्स एण्ड फिटनैस क्लब के प्रतिनिधिमण्डल ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल द्वारा अपर मुख्य सचिव को अवगत कराया गया कि आगामी 01 फरवरी को सचिवालय एथलेटिक्स क्लब द्वारा निर्मल गंगा एवं प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण अभियान के अन्तर्गत सचिवालय मुख्य गेट से हरिद्वार तक अखण्ड रिले मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।

### अब 4 लोगों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**संवाददाता** देहरादून। थाना नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री करने और कब्जा मांगने पर धमकी देने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले को रफा–दफा करने में भी लाखों रुपये की मांग करने का भी चार्ज लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खुकरी सहित एक पकड़ा

**संवाददाता** देहरादून। चेकिंग के दौरान नेशनल रोड़ के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्ज़े से एक खुकरी बरामद हुई। चौकी प्रभारी लक्ष्मण चौक लोकेंद्व बहुगुणा ने बताया कि क्षेत्र में अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर जेल भेज दिया गया।

## नव नियुक्त आईटी सलाहकार और आर्थिक सलाहकार ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से उनके नव नियुक्त आई.टी सलाहकार श्री रविन्द्र दत्त और आर्थिक सलाहकार श्री आलोक भट्ट ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में भेंट की। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभवों का लाभ योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में राज्य को प्राप्त होगा। भेंट के दौरान नव नियुक्त सलाहकारों ने उन्हें दी गई जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आई.टी सलाहकार श्री रविन्द्र दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में उत्तराखण्ड आई.टी. क्षेत्र के अग्रणी राज्यों में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के नेतृत्व में चल रहे ई गवर्नेंस एवं गुड गवर्नेंस के कार्यक्रम में वे सक्रिय सहभागिता निभायेंगे। प्रदेश के आई.टी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं इंटरनेट कनेक्टिविटि को सभी विभागों के साथ प्रदेश और जिला स्तर पर और बेहतर बनायेंगे। उन्होंने कहा उनका प्रयास होगा कि इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग कर शासकीय कार्यों को समयबद्धता एवं पारदर्शिता से पूर्ण कराने में सहयोग किया जाए। आई.टी का बेहतर उपयोग कर प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ई गवर्नेंस, ई ऑफिस और सीएम हेल्प लाइन जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों में सक्रिय सहभागिता निभायेंगे।

# जयहरीखाल में आवासीय विद्यालय खोला जाएगा

**कैबिनेट बैठक**

राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

बैठक में 18 प्रस्ताव आए, दो प्रस्ताव पर सब कमेटी बनाई गई

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में 18 प्रस्ताव आए, दो प्रस्ताव पर सब कमेटी बनाई गई है, जबकि एक प्रस्ताव को अगली कैबिनेट बैठक में लाया जाएगा। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश परिवहन प्राविधिक सेवाओं में भर्ती के लिए अधिकतम आयु 35 से बढ़ाकर 42 साल कर दी। वैट के पुराने मामलों की सुनवाई के लिए समय जनवरी से बढ़ाकर मार्च किया गया। पीडब्लूडी विभाग में वर्कचार्ज कर्मियों को पेंशन चार किश्तों में दी जानी थी, सर्वोच्च न्यायालय ने 03 माह में देने को कहा था, अब सरकार पुनर्विचार के लिए अवधि बढ़ाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में जाने की अनुमति प्रदान की गई। केदारनाथ पुनर्निर्माण के कार्यो के लिए कंसलटेंट को भुगतान की कंसलटेंसी फीस अब 2 प्रतिशत होगी, पहले 3.2 प्रतिशत थी।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लिया गया कि जयहरीखाल में आवासीय विद्यालय खोला जाएगा। यह विद्यालय ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होगा। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे और उपाध्यक्ष शिक्षा मंत्री होंगे। 60 प्रतिशत का योगदान हंस फाउंडेशन के माध्यम से होगा। ऋषिकेश आईडीपीएल. स्थित 830 एकड़ भूमि की लीज मार्च में खत्म, केंद्र इस जमीन को राज्य को वापस करेगा। 200 एकड़ जमीन ऋषिकेश एम्स को मिलेगी बाकी पर्यटन के पास रहेगी। समस्त भूमि सर्वप्रथम वन विभाग के अधीन की जाएगी। इसके बाद पर्यटन विभाग को दी जायेगी। उत्तराखण्ड उपखनिज नियमावली 2001 में संशोधन करते हुए नदी चुगान क्षेत्र में चुगान की गहराई 1.5 मीटर से बढ़ाकर 3 मीटर अथवा ग्राउंड लेवल तक करने की अनुमति दी गई। अल्मोड़ा नैनीसार में आवासीय निजी स्कूल को दी गई। 4 करोड़ लागत की 7.06 हेक्टेयर की भूमि के प्रस्ताव पर पुर्नविचार किया जाएगा। राज्य सरकार जनपद अथवा अन्य कोई भी निकाय क्षेत्र में किसी भी स्लाटर हाउस, पशु वधशाला को बंद करने के अधिकार है, प्राप्त करने के लिए अध्यादेश लायेगी। इससे अब सरकार किसी भी क्षेत्र को प्रतिबंधित कर सकेगी। कुम्भ मेला 2021 के लिए 31 पदों की स्वीकृति उप मेलाधिकारी 1, सूचना अधिकारी 1, सहायक लेखाकार 1, वरिष्ठ सहायक 1, कनिष्ठ सहायक 2, डाटा एन्ट्री आपरेटर 4, चपरासी 2, चौकीदार 1, मेट 1, बेलदार–10, राजस्व निरीक्षक 2, उप राजस्व निरीक्षक 5 शामिल हैं।

**निर्णयः** वेलनेस समिट के लिए भारतीय उद्योग संघ पार्टनर के रूप में काम करेगा। अप्रैल 2020 में आयोजन होगा। खनिज नियमावली के अवैध भंडारण के मामलों में सुनवाई के अधिकार एडीएम अथवा राज्य सरकार द्वारा अधिकृत अधिकारी को प्रदान किया जाएगा। सेवा का अधिकार का वर्ष 2017–18 एवं वर्ष 2018–19 वार्षिक प्रतिवेदन विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। एनएच चौड़ीकरण में सड़क किनारे भूमि कब्जेदारी को मुआवजा दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश जमीदारी भूमि व्यवस्था के धारा 143 मास्टर प्लान के अनुसार सीधे प्राधिकरण में लैंड यूज चेंज के लिए दिया जाएगा। यह कृषि भूमि होनी चाहिए। उत्तराखण्ड श्रम सेवा नियमावली 2020 का प्रख्यापन किया गया।

# महिला सुरक्षा महिलाओं के सम्मान से जुड़ा विषय है: सीएम

**कार्यशाला**

■ गांधी पार्क के साथ ही नगर के 100 वार्डों में भी जिम बनाये जायेंगे: गामा

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि आत्म सुरक्षा की दृष्टि से महिलाओं का शारिरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। इससे उनके मन में अपनी असुरक्षा का भाव समाप्त होगा तथा आत्म विश्वास मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी पहल भी स्वयं उन्हें करनी होगी क्योंकि यदि तैरना सीखना है तो तालाब में जाना ही पड़ेगा।



''सेल्फ डिफेंस वर्कशाप फार गर्ल्स'' से सम्बन्धित कार्यशाला में सीएम।

शुक्रवार को डीएवी पीजी कॉलेज दून में आयोजित दो दिवसीय ''सेल्फ डिफेंस वर्कशाप फार गर्ल्स'' से सम्बन्धित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दो दिवसीय जूडो–कराटे एवं अन्य सुरक्षा से सम्बन्धित उपायों के प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्म विश्वास एवं आत्म सुरक्षा का भाव जागृत होगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा उन्नयन समिति सुश्री दीप्ति रावत ने कहा कि आज लड़कियों के साथ ही लड़कों को भी अच्छे व्यवहार एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता की सीख देने की जरूरत है। मेयर सुनील अनियाल गामा ने कहा कि नगर निगम द्वारा गांधी पार्क के साथ ही नगर के 100 वार्डों में भी जिम बनाये जायेंगे ताकि हमारे लोग शारिरिक रूप से स्वस्थ रहें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिविल डिफेंस की असस्टिन्ट डिप्टी कमाण्डेंड जनरल सुश्री एकता उनियाल ने कहा कि सेल्फ डिफेंस आज वक्त की जरूरत है।

## गोद ली गई भूमिका अब कुपोषण से मुक्त हो गई

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत गोद अभियान के तहत सरकार द्वारा मसूरी विधायक गणेश जोशी को गोद दी गयी दो वर्षीय भूमिका अब कुपोषण से मुक्त हो गयी है। भूमिका का वजन जनवरी में 10 किलो 100 ग्राम होने के साथ विभाग ने उसे सामान्य श्रेणी प्रदान कर दी है। अपने जन्मदिवस के एक दिन पूर्व विधायक जोशी ने देहरादून के धर्मपुर स्थित अमरनाथ कालोनी में रहने वाले बच्ची को पोषण सामाग्री, कम्बल एवं पोषण कीट प्रदान की।

विधायक जोशी ने बताया कि मुझे 02 वर्षीय बालिका भूमिका को पोषित करने का जिम्मा दिया था। मैं लगातार बाल विकास अधिकारी एवं बच्ची के परिवार से संपर्क में था और पिछले 04 माह में दो बार बालिका से मिला। उन्होनें खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 6 माह के भीतर परिवार एवं विभाग के प्रयास से भूमिका कुपोषण की जद से बाहर आ गयी है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।